दिन– बुधवार दिनांक– 01 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विश्व की सबसे बड़ी और पहली डिजिटल जनगणना दो हजार सत्ताईस का पहला चरण आज से शुरू। मकान सूचीकरण और आवास गणना का यह चरण इस वर्ष सितम्बर तक होगा पूरा।

02. वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ देश में आज से कई नियमों में बदलाव। नये आयकर अधिनियम और डिजिटल भुगतान के लिए दो चरणों में सत्यापन के संशोधित नियम लागू।

03. राज्य के स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को आज से दिन में सस्ती और रात में महंगी बिजली मिलेगी।

04. और, राजगीर में आज से राष्ट्रीय सब जूनियर पुरूष हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की तीस टीमें होंगी शामिल।

———————————————————

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या प्रक्रिया, जनगणना–दो हजार सत्तीईस का पहला चरण आज से शुरू होगा। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास गणना तथा दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। इसके लिए एक मार्च, दो हजार सत्ताईस को संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––61 सें.

पहली बार, जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी, जिसमें स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। यह स्व–गणना आज से इस महीने की 15 तारीख तक चलेगी। मकान सूचीकरण और आवास गणना 16 अप्रैल से शुरू होकर 15 मई तक जारी रहेगी।

मकान सूचीकरण में सभी भवनों और संरचनाओं की सूची तैयार की जाएगी तथा आवासीय स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। भवनों की जियो–टैगिंग भी की जाएगी और प्रत्येक संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी।

देशभर में इस कार्य के लिए तीस लाख से अधिक गणनाकर्मी, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी तैनात किए गए हैं। साथ ही, नागरिक सोलह भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे।

दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे।

केंद्र सरकार ने जनगणना–2027 के लिए ग्यारह हजार सात सौ अठारह करोड़ रुपये से अधिक राशि को मंजूरी दी है। बर्फबारी वाले क्षेत्रों जैसे लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई है।

———————————————————

भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में डिजिटल जनगणना के फायदों के बारे में बताया।

–––साउंड बाईट–––

डिजिटल में सबसे पहला फायदा तो यह है कि आंकड़े ज्यादा शुद्ध तरीके से संग्रहित होंगे, जो फिजिकल आंकड़े इकट्ठा करते हैं, उनको डिजिटलाइज करने में त्रुटियों की संभावना रहती है। जनगणना के आंकड़े हैं, उनका प्रकाशन शीघ्रता से संपन्न हो सकेगा।

————————————————————————

वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस की आज से शुरूआत हो गई है। इसके साथ ही प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित कई सुधार लागू हो गई है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

————————————————————————

देश भर में प्राकृतिक गैस –पीएनजी के विस्तार में तेजी बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान के दूसरे चरण को इस वर्ष तीस जून तक बढ़ा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार मार्च माह के दौरान घरेलू, वाणिज्यिक, छात्रावास, मेस और कैंटीन सहित इकतीस लाख से अधिक कनेक्शनों को गैसयुक्त किया गया है। सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी का पर्याप्त भंडार है।

————————————————————————

राज्य के स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले उपभोक्ताओं को आज से दिन में सस्ती और रात में महंगी बिजली मिलेगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने टाइम ऑफ डे टैरिफ को मंजूरी दे दी है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

नये नियम के अनुसार रात के ग्यारह बजे से सुबह नौ बजे तक बिजली खपत पर कंपनी की ओर से निर्धारित दर के अनुसार ही बिजली बिल देना होगा। वहीं, सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली खपत करने पर लोगों को मात्र बीस प्रतिशत कम बिल का भुगतान करना होगा जबकि शाम पांच बजे से रात ग्यारह बजे तक निर्धारित दर से बीस प्रतिशत अधिक बिल देना होगा। इस फैसले से सतासी लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित होंगे। स्मार्ट मीटर नहीं होने की स्थिति में जिन उपभोक्ताओं का लोड दस किलोवाट से अधिक होगा, उनके लिए भी यह व्यवस्था रहेगी। पिछले वर्ष केवल औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था थी।

समाचार कक्ष से अमरनाथ प्रसाद।

————————————————————————

प्रदेश में आज से अतिक्रम के खिलाफ विशेष अभियान की शुरूआत हो रही है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी और अंचलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। ा राज्य सरकार ने भारत–नेपाल सीमा से सटे सात जिलों के नो मैन्स लैंड क्षेत्र में भी प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

————————————————————————

नालंदा जिले के मघड़ा शीतला मंदिर भगदड़ हादसे के मामले में थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि दीपनगर थाना क्षेत्र में हुये इस हादसे में प्रशासनिक लापरवाई के चलते यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में भीड़ प्रबंधन और व्यवस्था की कमियां सामने आयी है।

———साउंड बाईट———

गौरतलब है कि कल हुये इस हादसे में आठ महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी।

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आज पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में नर्सिंग संस्थानों को मान्यता प्रदान करने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व से संचालित नर्सिंग संस्थान और नये आवेदन करने वाले संस्थान शामिल होंगे। इस प्लेटफार्म पर प्रदेश के नर्सिंग सस्थानों की सभी जानकारी उपलब्ध होगी।

———————————————————————————

वित्त वर्ष दो हजार चौबीस– पच्चीस में भारत, नेपाल को द्विपक्षीय सहायता प्रदान करने वाला सबसे बड़ा दाता देश बनकर उभरा है। इस अवधि में भारत ने नेपाल को करीब एक सौ आठ मिलियन डॉलर की सहायता राशि भेजी है। नेपाल के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी विकास सहयोग रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन चौरासी मिलियन डॉलर की सहायता राशि के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने छह अप्रैल को पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में आंधी–पानी और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। वहीं, विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, बक्सर और रोहतास जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली, नवादा, मधेपुरा, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, मुधबनी और दरभंगा जिले में कई स्थानों पर आंधी के साथ बारिश हुई। इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है। इससे फसलों को काफी क्षति हुई है। इस बीच, प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। अधिकांश स्थानों का तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इस अवधि में रोहतास का डेहरी सैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान तैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

राजगीर स्थित खेल अकादमी में आज से सोलहवीं राष्ट्रीय सब जूनियर पुरूष हॉकी चैंपियनशिप की शुरूआत हो रही है। उद्घाटन मुकाबला आज शाम मेजबान बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच होगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि बारह अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की तीस टीमें भाग ले रही है।

इधर, लखीसराय में आयोजित बिहार सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन मुकाबले में समस्तीपुर ने औरंगाबाद को दो–एक से पराजित किया।

पटना में खेले जा रहे रणधीर वर्मा एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मधेपुरा और शिवहर की टीमों ने जीत दर्ज की है।

———————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच लखनऊ में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, कल खेले गये एक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से हरा दिया। गुजरात टाइटन्स ने निर्धारित बीस ओवर में एक सौ बासठ रन बनाए।

———————————————————————————

पटना विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रशासनिक और शैक्षणिक भवनों के उद्घाटन कार्यक्रम में हंगामा करने वाले अलग–अलग छात्र संघ के छह नेताओं सहित पैंतीस लोगों पर पीरबहोर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। तीस मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में हंगामा मामले में यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————————

भाजपा की प्रदेश इकाई राज्य के एक हजार चार सौ बीस मंडलों में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन करेगी। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि इस दौरान सदस्यों को पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के संबंध में प्रशिक्षित किया जायेगा।

———————————————————————————

भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर वैशाली के अभिषेक पुष्पकरिणी में तीन दिवसीय वैशाली महोत्सव का कल भव्य शुभारंभ हुआ। उर्जा मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, अनुसूचित जाति–जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन और अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रुप से इसका उद्घाटन किया।

———————————————————————————

अररिया पुलिस ने चेन स्नेचिंग के बढ़ते मामलों के मददेनज़र फारबिसगंज से अभियान चलाकर अंतराज्यीय कोढा गैंग के एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया।

————————————————————————

पटना पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर अलग—अलग आपराधिक मामलों में वांछित एक सौ सड़सठ अपऱाधियों को गिरफ्तार कर लिया।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— नालंदा के मघड़ा मेले में भगदड़, आठ मरे। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जताया दुख, मृतकों के आश्रितों को मिलेंगे आठ—आठ लाख रूपये।

दैनिक जागरण ने नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है—राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा, ज्ञान, संवाद और मानवता की सेवा ही हमारी सभ्यता की पहचान। दैनिक भास्कर की विशेष खबर है— बिहार में पोल्ट्री क्रांति, अब अंडा—मांस के लिए नहीं रहना होगा दूसरे राज्यों पर निर्भर। बिहार बनेगा पूर्वी भारत का पोल्ट्री हब। प्रभात खबर ने नये वित्त वर्ष से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है—आज से नया इनकम टैक्स कानून, टोल पर अब कैश बंद। राष्ट्रीय सागर लिखता है— डोर—टू—डोर कचरा कलेक्शन का आज से बदल गया नियम। अखबार लिखता है— घरों से सूखा और गीला कचरा अलग—अलग देना होगा अनिवार्य। आज अखबार का शीर्षक है— ईरान की चेतावनी, अमेरिकी कम्पनियों पर करेंगे हमले। निशाने पर माईक्रो सॉफ्ट, एपल और टेस्ला।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विश्व की सबसे बड़ी और पहली डिजिटल जनगणना दो हजार सत्ताईस का पहला चरण आज से शुरू। मकान सूचीकरण और आवास गणना का यह चरण इस वर्ष सितम्बर तक होगा पूरा।

02. वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ देश में आज से कई नियमों में बदलाव। नये आयकर अधिनियम और डिजिटल भुगतान के लिए दो चरणों में सत्यापन के संशोधित नियम लागू।

03. राज्य के स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को आज से दिन में सस्ती और रात में महंगी बिजली मिलेगी।

04. और, राजगीर में आज से राष्ट्रीय सब जूनियर पुरूष हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की तीस टीमें होंगी शामिल।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।